प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– कन्नौज, उ0प्र0।

पत्र संख्या : एस0पी0एम0यू0 / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 2022–23 / 5103 दिनांक : 17-10-2022

**विषयः–राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 20 से 22 सितम्बर 2022 में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों को निस्तारित करने के सम्बंध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सपोर्टिव सुपरविजन की टीम द्वारा दिनांक दिनांक 20 एवं 22 सितम्बर, 2022 को जनपद कन्नौज के विभिन्न स्वास्थ्य इकाईयों पर की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया।

भ्रमण दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान चिकित्सा इकाईयों में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है।

उपरोक्त आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित की जा रही है कि भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों एवं दिये गये सुझावों के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिन्दुवार अनुपालन आख्या / कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को 01 सप्ताह के भीतर हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक– भ्रमण आख्या।**

भवदीया

Aparna. U

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्र संख्या : एस0पी0एम0यू0 / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 2022–23 / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक–चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. महानिदेशक–परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी–अध्यक्ष–जिला स्वास्थ्य समिति जनपद– कन्नौज।
4. मण्डलीय अपर निदेशक–चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मण्डल, कानपुर।
5. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, उ0प्र0।
6. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, कन्नौज।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, जनपद कन्नौज को इस आशय के साथ प्रेषित कि आख्या का अनुपालन कराते हुए कृत कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 रेशमा मसूद)
जनपदीय नोडल अधिकारी,
कन्नौज / इटावा।

# पर्यवेक्षण आख्या जनपद–कन्नौज

## दिनांक 20.09.2020 से 22.09.2022 तक

**भ्रमण टीम के सदस्य–:**

1. डा0 रेशमा मसूद, डी0जी0एम0, आर0बी0एस0के0, एस0पी0एम0यू0।
2. सुश्री प्रीति कुमारी, टीम लीडर ए0आर0सी0, कम्यूनिटी प्रोसेस, एस0पी0एमय0यू0।
3. सुश्री अन्नु सोनकर, प्रोग्राम समन्वयक, फैमिली प्लानिंग, एस0पी0एम0यू0।

## दिनांक– 20.09.2022

## जिला संयुक्त चिकित्सालय–कन्नौज

**पर्यवेक्षण के दौरान पाये गये अवलोकित बिन्दु निम्नलिखित है** –

| अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही / सुझाव | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| • सामान्य प्रसव वाले सभी लाभार्थी 48 घण्टे चिकित्सालय में नहीं रुक रहे थे। न रूकने का कारण भी उल्लेख नही किया गया था।<br>• Case Sheet एवं प्रसव कक्ष से सम्बन्धित अन्य किसी भी रजिस्टर पर आर.सी.एच. नम्बर अंकित नहीं किया जा रहा था।<br>• जे.एस.एस.के. के अर्न्तगत लाभार्थीयों को दिया जाने वाला डाईट हेतु डाईट रजिस्टर उपलब्ध नही था। डाईट चार्ट कहीं Display नहीं किया गया था।<br>• प्रसव कक्ष हेतु निर्धारित प्रोटोकॉल अपूर्ण पाये गये।<br>• चिकित्सालय में कण्डोम बॉक्स नही पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष में पी0पी0आई0यू0सी0डी0 रजिस्टर नही पाया गया।<br>• काउन्सलिंग हेतु परिवार नियोजन की मुहर नही पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ नर्स को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी प्रोटोकॉल एवं इंफेक्सन कन्ट्रोल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यक्ता है।<br>• ई0डी0एल0 प्रदर्शित थी परन्तु प्रतीत हुआ कि उसको कई माह | • सम्बन्धित सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें।<br>• डाइट चार्ट को डिस्प्ले कराया जाये।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र को व्यवस्थित करने एवं रिकार्ड के रख रखाव हेतु चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को सुझाव दिया गया।<br>• चिकित्सालय में कण्डोम बॉक्स लगाने का सुझाव दिया गया।<br>• प्रसव कक्ष में पी0पी0आई0यू0सी0डी0 रजिस्टर उपलब्ध कराने के लिये सुझाव दिया गया।<br>• काउन्सलिंग हेतु परिवार नियोजन की मुहर बनवाने हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक, नोडल अधिकारी /जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कन्नौज।<br>जिला कार्यक्रम प्रबंधक /एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 मैनेजर<br>चिकित्सा अधीक्षक, नोडल अधिकारी / जिला कार्यक्रम |

| | | |
|---|---|---|
| से अपडेट नही किया गया था।<br>• चिकित्सालय में के0एम0सी0 वार्ड बना हुआ था। कार्यरत स्टॉफ नर्स द्वारा मरीज को कोई भी काउन्सिलिंग नही की जा रही थी।<br>• चिकित्सालय में सेमी ऑटो एनेलाइजर उपलब्ध नहीं था।<br>• लेबर रूम में ट्रे उपलब्ध थी परन्तु ठीक प्रकार से लेबल नहीं की जा रही थी।<br>• मेडिसन ट्रे उपलब्ध थी, परन्तु एक्सपायरी डिटेल का कोई उल्लेख नहीं था।<br>• लेबर रूम में 07 ट्रे कॉर्नर में नहीं रखी पायी गयी। उसे कहीं अन्य स्थान पर रखा गया था।<br>• बर्थ डिफेक्ट पोस्टर लेबर रूप में डिस्प्ले नहीं था।<br>• परिवार नियोजन हेतु लाभार्थिओं को दी जाने वाली इन्जेंक्शन अन्तरा के संबन्ध में लाभार्थियों को दिये जाने वाले पात्रता धनराशि के बारे में स्टॉफ नर्स को कोई जानकारी नहीं थी।<br>• चिकित्सालय का डेड स्टॉक रजिस्टर दल को उपलब्ध नहीं कराया गया।<br>• आई0सी0टी0सी0 (जहां ए0आई0वी0 संक्रमण हेतु) काउंसिलिंग की जाती है, के पास मास्टर रजिस्टर उपलब्ध नहीं था।<br>• ए0एफ0एच0एस0 क्लीनिक में काउन्सलर भ्रमण के समय अनुपस्थित पाया गया।<br>• परिसर में डिफनेस कार्यक्रम से सम्बन्धित ऑडियोमैट्रि रूम उपलब्ध था, परन्तु उसमें ताला लगा हुआ था। दल द्वारा आग्रह करने पर भी उसे खोला नहीं गया।<br>• 10 बेडेड एन0आर0सी0 में 03 बेड ऑक्यूपाइड थे। डाइट | • लेबर रूम से सम्बन्धित समस्त उपकरण, 07 ट्रे एवं लॉजिस्टिक रजिस्टर का ठीक प्रकार से रख–रखाव करना।<br>• ए0एफ0एच0एस0 क्लीनिक के काउन्सलर के | प्रबंधक, कन्नौज।<br>चिकित्सा अधीक्षक, नोडल अधिकारी / जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कन्नौज।<br>चिकित्सा अधीक्षक, नोडल अधिकारी / आर0के0एस0के कन्सलटेन्ट, कन्नौज। |

| | | |
|---|---|---|
| चार्ट, एन0आर0सी0 रजिस्टर आंशिक रूप से भरे हुए थे।<br>• 02 न्यू–बोर्न केयर कॉर्नर में से केवल 01 ही कियाशील पाया गया। | अनुपस्थित की चेतावनी के साथ उसके 01 दिन का मानदेय आहरित न किया जाये। | चिकित्सा अधीक्षक, नोडल अधिकारी/जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कन्नौज। |

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– तिरवा, ब्लॉक – उमरदा

दिनांक 21.09.2022 को भ्रमण दल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– तिरवा का भ्रमण किया गया। उक्त सेन्टर में कार्यरत ए0एन0एम0 एवं एल0एच0वी0 पोलियों सत्र पर गयी हुई थी, परन्तु उनके द्वारा मूवमेन्ट रजिस्टर नहीं भरा गया था। उक्त सी0एच0सी0 एफ0आर0यू0 के रूप में नामांकित है, परन्तु वहां पर ब्लड बैंक/इकाई उपलब्ध नहीं है। सी0एच0सी0 में कार्यरत स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं बाल रोग विशेषज्ञ मातृत्व अवकाश पर थी तथा एनेस्थेडिक उपलब्ध नहीं थे।

**पर्यवेक्षण के दौरान पाये गये अवलोकित बिन्दु निम्नलिखित है –**

| अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही/सुझाव | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| • सामान्य प्रसव वाले सभी लाभार्थी 48 घण्टे चिकित्सालय में नहीं रुक रहे थे। न रूकने का कारण भी उल्लेख नही किया गया था।<br>• Case Sheet एवं प्रसव कक्ष से सम्बन्धित अन्य किसी भी रजिस्टर पर आर.सी.एच. नम्बर अंकित नहीं किया जा रहा था।<br>• प्रसव कक्ष हेतु निर्धारित समस्त प्रोटोकॉल अपूर्ण पाये गये।<br>• चिकित्सालय में कण्डोम बॉक्स खाली पाया गया। | • सम्बन्धित सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कन्नौज। |
| • प्रसव कक्ष में प्रसूता को परिवार नियोजन से सम्बन्धित जानकारी पूरी तरह से नही ही जा रही थी।<br>• काउन्सलिंग रजिस्टर में पूरी जानकारी नही भरी जा रही थी।<br>• काउन्सलिंग हेतु परिवार नियोजन की मुहर नही पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ नर्स को लेबर रुम प्रोटोकॉल/सेफ्टी प्रोटोकॉल एवं | • चिकित्सालय में कण्डोम बॉक्स भरने के लिए निर्देश दिये गये।<br>• परिवार नियोजन से सम्बन्धित समस्त विधियां एवं पूरी जानकारी काउन्सलर द्वारा प्रसूता को दी जाए।<br>• काउन्सलिंग रजिस्टर पूरा करने का सुझाव दिया गया।<br>• काउन्सलिंग हेतु परिवार नियोजन की मुहर बनवाने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी /एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 मैनेजर, कन्नौज। |

| | | |
|---|---|---|
| इंफेक्सन कन्ट्रोल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यक्ता है।<br>• ई0डी0एल0 प्रदर्शित थी, परन्तु अपडेट नही किया गया था।<br>• डिजिटल क्लॉक उपलब्ध नहीं था।<br>• रेडियन्ट वॉरमर 08 मौजूद थे, जिसमें से 07 वार्ड में तथा 01 लेबर रूम में उपलब्ध था। सिस्टर को इसके उपयोग हेतु प्रशिक्षण की आवश्यकता है।<br>• मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया गया।<br>• आई0यू0सी0डी0 कार्ड प्रिन्टेड नहीं पाये गये।<br>• एल्फा मिथाइल डोपा टैबलेट एवं सिरप नैविरापीन उपलब्ध नहीं था।<br>• रेडियोलॉजिस्ट की पोस्टिंग न होने के कारण अल्ट्रासाउण्ड की सेवायें नहीं दी जा रही थी।<br>• न्यू जी0ओ0आई0 लेबर रूम रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाया गया।<br>• रेफरल आउट रजिस्टर उपलब्ध था, परन्तु रेफरल इन रजिस्टर अवलोकन हेतु नहीं मिला।<br>• चिकित्सालय में सेमी ऑटो एनेलाइजर उपलब्ध नहीं था।<br>• लेबर रूम में ट्रे उपलब्ध थी परन्तु ठीक प्रकार से लेबल नहीं की जा रही थी।<br>• मेडिसन ट्रे उपलब्ध थी, परन्तु एक्सपायरी डिटेल का कोई उल्लेख नहीं था।<br>• लेबर रूम में 07 ट्रे कॉर्नर में नहीं रखी पायी गयी। उसे कहीं | • स्वास्थ्य केन्द्र को व्यवस्थित करने एवं रिकार्ड के रख रखाव हेतु चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को सुझााव दिया गया।<br>• समस्त संबंन्धित रजिस्टरों को व्यवस्थित रूप से रखा जाये। | नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0 एवं डी0ई0आई0सी0 मैनेजर, कन्नौज। |

| | | |
|---|---|---|
| अन्य स्थान पर रखा गया था।<br>• बर्थ डिफेक्ट पोस्टर लेबर रूप में डिस्प्ले नहीं था।<br>• परिवार नियोजन हेतु लाभार्थिओं को दी जाने वाली इन्जेंक्शन अन्तरा के संबन्ध में लाभार्थियों को दिये जाने वाले पात्रता धनराशि के बारे में स्टॉफ नर्स को कोई जानकारी नहीं थी।<br>• चिकित्सालय का डेड स्टॉक रजिस्टर दल को उपलब्ध नहीं कराया गया।<br>• आई0सी0टी0सी0 (जहां ए0आई0वी0 संक्रमण हेतु) काउंसिलिंग की जाती है, के पास मास्टर रजिस्टर उपलब्ध नहीं था।<br>• ए0एफ0एच0एस0 क्लीनिक में काउन्सलर भ्रमण के समय उपस्थित मिली। उसके पास सम्बन्धित रजिस्टरस अवलोकन हेतु मिले, परन्तु उपकरण जैसे– हाईट मेजर, बी0पी0 मशीन इत्यादि नही पाई गई।<br>• न्यू–बोर्न केयर कॉर्नर क्रियाशील पाया गया।<br>• एन0टी0ई0पी0 के अन्तर्गत टी0बी0 नोटिफिकेशन रजिस्टर उपलब्ध था, परन्तु पेशेंट ट्रीटमेन्ट कार्ड उपलब्ध नहीं मिले।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम के लिए पृथक से मूवमेन्ट रजिस्टर भरा नही जा रहा था। | • चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया कि टीम के मूवमेन्ट रजिस्टर में इन्ट्री इन एवं इन्ट्री आउट का समय तथा हस्ताक्षर अंकित करना अनिवार्य है। | |
| • भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि कुछ आशाओं के एच.बी.एन.सी. का प्रशिक्षण अभी तक नहीं हुआ था। उनके द्वारा गृह भ्रमण नहीं किया जा रहा था।<br>• एच.बी.वाई.सी. के अंतर्गत अभी सभी आशाओं का प्रशिक्षण नहीं | • अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया कि प्रशिक्षण शीघ्र ही कराया जाना चाहिए। | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी / डी0सी0पी0एम0, कन्नौज। |

| | | |
|---|---|---|
| हुआ है। अवषेश आशाओं का प्रशिक्षण शीघ्र ही कराया जाना चाहिए। आशाओं के अन्य षेश प्रशिक्षण भी पूर्ण किया जाना चाहिए।<br>• आशाओं को माह अगस्त तक का भुगतान किया गया है।<br>• आशाओं के नए चयन का शेष कार्य शीघ्र ही पूर्ण किया जाना चाहिए। | • अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया कि आशाओं के नए चयन का शेष कार्य शीघ्र ही पूर्ण किया जाना चाहिए। | |

## हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर– भदौसी

दिनांक 21.09.2022 को भ्रमण दल द्वारा हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर– भदौसी का भ्रमण किया गया।

**पर्यवेक्षण के दौरान पाये गये अवलोकित बिन्दु निम्नलिखित है –**

| अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही / सुझाव | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| • हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर में कार्यरत सी.एच.ओ. के द्वारा एन.सी.डी. स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा था।<br>• सब सेंटर भदौसी पर स्थित हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर में बिजली का कनेक्शन नहीं था।<br>• हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर में कार्यरत सी.एच.ओ. को पी.बी.आई. हेतु धनराषि माह अप्रैल के बाद नहीं मिली है।<br>• सभी हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर में जन आरोग्य समिति के गठन की कार्यवाही पूर्ण की जाये एवं समिति के सदस्यों का विवरण व बैठक की कार्यवाही का रजिस्टर में भी अंकन किया जाना चाहिए।<br>• हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर पर कण्डोम बॉक्स खाली पाया गया।<br>• काउन्सलिंग हेतु परिवार नियोजन की मुहर नही पाया गया।<br>• हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर पर | • हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर में बिजली का कनेक्शन करवाया जाए<br>• जन आरोग्य समिति के गठन की कार्यवाही पूर्ण की जाये<br>• काउन्सलिंग हेतु परिवार नियोजन की मुहर बनवाने हेतु सुझाव दिया गया।<br>• कण्डोम बॉक्स भरने के लिए निर्देश दिये गये। | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी / डी0सी0पी0एम0, कन्नौज। |

| | | |
|---|---|---|
| योगा हेतु स्थान का निर्धारण किया जाना चाहिए।<br>• पी.एच.सी. खैरनगर के नए मेडिकल ऑफीसर की हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर हेतु प्रशिक्षण शीघ्र ही कराया जाना चाहिए। | | |

## ब्लॉक – उमरदा, विद्यालय– विद्यापूरवा

दिनांक 21.09.2022 को भ्रमण दल द्वारा ब्लॉक – उमरदा, विद्यालय– विद्यापूरवा का भ्रमण किया गया।

**पर्यवेक्षण के दौरान पाये गये अवलोकित बिन्दु निम्नलिखित है –**

| अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही/सुझाव | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| • आर0बी0एस0के0 टीम के पास दोनों प्रकार के आर0बी0एस0के0 कार्ड तथा रजिस्टर (स्कूल/आंगनवाड़ी सेन्टर) उपलब्ध थे, परन्तु समस्त कॉलमों में उसकी इन्ट्री नहीं की जा रही थी। रजिस्टर अद्यतन नहीं थें।<br>• टीम के पास समस्त उपकरण उपलब्ध नहीं थे। सुपरवाइजर द्वारा पूछने पर अवगत कराया गया कि कुछ उपकरण मिले नहीं है अथवा खराब हो गये है।<br>• टीम के सदस्यों को 04 डी0 के समस्त स्वास्थ्य दशाओं के बारे में ठीक से ज्ञात नहीं था।<br>• टीम के पास औषधियां उपलब्ध थी, परन्तु आर0बी0एस0के ई0डी0एल0 के अनुसार नहीं थी। औषधियां वितरण के समय स्टॉक रजिस्टर पर इन्ट्री नहीं की जा रही थी।<br>• आर0बी0एस0के0 वाहन का अवलोकन के उपरान्त ज्ञात हुआ कि लॉगबुक कई दिनों से उपलब्ध नहीं है। वाहन पर विजिबिलिटी प्रोटोटाइप भी चसपा नहीं थे। | • सम्बन्धित सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें।<br>• सभी मोबाइल हेल्थ टीमों को नियमानुसार सभी सूचनाओं, उपकरण इत्यादि एवं लाइन लिस्ट का रख–रखाव तथा माइक्रोप्लान के अनुसार नियमित भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र को व्यवस्थित करने एवं रिकार्ड के रख रखाव हेतु चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को सुझाव दिया गया। | नोडल अधिकारी आर0बी0एस0के0, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं डी0ई0आई0सी0 मैनेजर, कन्नौज।<br>प्रभारी चिकित्साधिकारी/जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कन्नौज। |

| | | |
|---|---|---|
| • आर0के0एस0के0 से सम्बन्धित विफ्स रजिस्टर अध्यापिका के द्वारा मेनटेन किया जा रहा था तथा दिये जाने वाले सप्ताहिक आई0एफ0ए0 टैबलेट के बारे में उन्हें जानकारी थी।<br>• वी0एच0एन0डी0 सत्र पोलियो अभियान के कारण मॉनिटर नहीं किया जा सका।<br>• आशा द्वारा एच0बी0एन0सी0 के दौरान जन्मजात रोगों से ग्रसित शिशुओं की पहचान की जा रही है, परन्तु उनके पास इसके संबंध में कोई विवरण उपलब्ध नहीं था।<br>• आशा द्वारा उस क्षेत्र में 20 पीयर एजूकेटर (आर0के0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत) चयन किया गया है, परन्तु उसकी लिस्ट उपलब्ध नहीं करायी गयी। | • चिकित्सा अधिकारी को सुझाव दिया गया कि टीम के मूवमेन्ट रजिस्टर में इन्ट्री इन एवं इन्ट्री आउट का समय तथा हस्ताक्षर अंकित किया जाये। | |

## शहरी स्वास्थ्य मिशन– कुतुलपुर

दिनांक 22.09.2022 को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– कुतुलपुर का टीम द्वारा भ्रमण किया गया। नगरीय प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– कुतुलपुर, गेहर बस्ती के निकट स्थित है। टीम द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, का भ्रमण, सी0एच0सी0 कन्नौज के अधीक्षक एवं जनपदीय अरबन कोर्डीनेटर, के साथ किया गया। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुतुलपुर, किराये के भवन में क्रियाशील है तथा एक फुलटाइम चिकित्सक का पद रिक्त है। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रतिदिन 52–60 की ओ0पी0डी0 फॉर्मासिस्ट द्वारा की जा रही है।

| अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही/सुझाव | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| • नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र एक किराये के भवन में संचालित है जहॉ सीलन थी।<br>• नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र का बोर्ड डिस्प्ले नहीं था।<br>• चिकित्सालय में ई0डी0एल0 प्रदर्शित नहीं था।<br>• केन्द्र पर पूर्ण कालिक 02 चिकित्सक का पद रिक्त है तथा कार्यरत फॉर्मासिस्ट द्वारा ओ0पी0डी0 देखी जा रही थी।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र कुतुलपुर पर 4 | • दल द्वारा भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों को शीघ्र सुधारात्मक कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया। | नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0/ जनपदीय अरबन हेल्थ कोर्डिनेटर, कन्नौज। |

| | | |
|---|---|---|
| ए0एन0एम0 कार्यरत है।<br>• नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र पर रोगी कल्याण समिति का गठन किया गया है। जिनका पंजीकरण एवं बैंक खाता संचालित है परन्तु आर0के0एस0 रजिस्टर केन्द्र पर अवलोकन हेतु उपलब्ध नही कराया गया।<br>• नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव कक्ष भी स्थापित है।<br>• BMW हेतु लाल, नीला एवं पीली बाल्टी भी उपलब्ध थी।<br>• ऑक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध था।<br>• फैमिली प्लानिंग से सम्बन्धित समस्त रजिस्टर/कार्ड अधिकतर उपलब्ध नहीं पाये गये।<br>• काउन्सलिंग हेतु परिवार नियोजन की मुहर नही पाया गया।<br>• लेबर रूम प्रोटोकॉल पोस्टर उपलब्ध नहीं थे।<br>• रेडियन्ट वारमर उपलब्ध था, परन्तु इन्सटॉल नहीं किया गया था। | • काउन्सलिंग हेतु परिवार नियोजन की मुहर बनवाने हेतु सुझाव दिया गया। | |

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– विनोद दीक्षित चिकित्सालय, ब्लॉक – कन्नौज

दिनांक 22.09.2022 को भ्रमण दल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– विनोद दीक्षित चिकित्सालय, ब्लाक– कन्नौज का भ्रमण किया गया।

**पर्यवेक्षण के दौरान पाये गये अवलोकित बिन्दु निम्नलिखित है –**

| अवलोकन बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही/सुझाव | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| • सामान्य प्रसव वाले सभी लाभार्थी 48 घण्टे चिकित्सालय में नहीं रुक रहे थे। न रूकने का कारण भी उल्लेख नही किया गया था।<br>• Case Sheet एवं प्रसव कक्ष से सम्बन्धित अन्य किसी भी रजिस्टर पर आर.सी.एच. नम्बर अंकित नहीं किया जा रहा था। | • सम्बन्धित सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। | एम0ओ0आई0सी0 सी0एच0सी0/जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कन्नौज। |

| | | |
|---|---|---|
| • प्रसव कक्ष हेतु निर्धारित समस्त प्रोटोकॉल चसपा नहीं थे।<br>• चिकित्सालय में कण्डोम बॉक्स नही पाया गया।<br>• काउन्सलिंग हेतु परिवार नियोजन की मुहर नही पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ नर्स को लेबर रूम प्रोटोकॉल/सेफ्टी प्रोटोकॉल एवं इंफेक्सन कन्ट्रोल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यक्ता है।<br>• कैलीस पैड उपलब्ध नहीं था।<br>• लेबर रूम में लेबर टेबल में जंग लगा हुआ था।<br>• ई0डी0एल0 प्रदर्शित थी, परन्तु अपडेट नही किया गया था।<br>• डिजिटल क्लॉक उपलब्ध नहीं था।<br>• मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया गया।<br>• आई0यू0सी0डी0 कार्ड प्रिन्टेड नहीं पाये गये।<br>• एल्फा मिथाइल डोपा टैबलेट एवं सिरप नैविरापीन उपलब्ध नहीं था।<br>• न्यू जी0ओ0आई0 लेबर रूम रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाया गया।<br>• रेफरल आउट रजिस्टर उपलब्ध था, परन्तु रेफरल इन रजिस्टर अवलोकन हेतु नहीं मिला।<br>• लेबर रूम में ट्रे उपलब्ध थी परन्तु ठीक प्रकार से लेबल नहीं की जा रही थी।<br>• वॉश बेसिन पर एल्बो टेप नहीं लगा पाया गया। | • चिकित्सालय में कण्डोम बॉक्स लगवाने हेतु सुझाव दिया गया।<br>• काउन्सलिंग हेतु परिवार नियोजन की मुहर बनवाने हेतु सुझाव दिया गया।<br>• दल द्वारा तुरन्त जंग लगी हुई टेबल को बदलने के लिए निर्देशित किया गया।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र को व्यवस्थित करने एवं रिकार्ड के रख रखाव हेतु चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को सुझाव दिया गया।<br>• रेफरल इन रजिस्टर बनवाने हेतु सुझाव दिया गया।<br>• सुव्यवस्थित लेबर रूम ट्रे का उपयोग किया जाये। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कन्नौज। |

| | | |
|---|---|---|
| • बर्थ डिफेक्ट पोस्टर लेबर रूप में डिस्प्ले नहीं था।<br>• परिवार नियोजन हेतु लाभार्थिओं को दी जाने वाली इन्जेंक्शन अन्तरा के संबन्ध में लाभार्थियों को दिये जाने वाले पात्रता धनराशि के बारे में स्टॉफ नर्स को कोई जानकारी नहीं थी।<br>• चिकित्सालय का डेड स्टॉक रजिस्टर दल को उपलब्ध नहीं कराया गया।<br>• ए0एफ0एच0एस0 क्लीनिक में काउन्सलर भ्रमण के समय उपस्थित मिली। उसके पास सम्बन्धित रजिस्टरस अवलोकन हेतु मिले, परन्तु उपकरण जैसे– हाईट मेजर, बी0पी0 मशीन इत्यादि नही पाई गई।<br>• न्यू–बोर्न केयर कॉर्नर कियाशील पाया गया। | • उपकरण जैसे– हाईट मेजर, बी0पी0 मशीन इत्यादि उपलब्ध कराया जाये। | |

भ्रमण के उपरान्त पर्यवेक्षण दल द्वारा कार्यवाहक मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर0सी0एच0 तथा नोडल आर0बी0एस0के0 एवं अरबन की अध्यक्षता में बैठक में भ्रमण के दौरान चिन्हित किये गये समस्त गैप्स की जानकारी दी गयी। सुझाव दिया गया कि इकाईवार नियमित रूप से मूल्यांकन एवं अनुश्रवण किया जाये, जिससे कि पाये गये गैप्स का निराकरण किया जा सके।

भ्रमण के दौरान संज्ञान में आया कि आर0बी0एस0के0 के अन्तर्गत कार्यरत मोबाइल हेल्थ टीम के चिकित्सकों यथा– डॉ0 सौरभ सिंह (ब्लॉक गुगरापुर), डॉ0 वरूण सिंह कठियार (ब्लॉक जलालाबाद), डॉ0 प्रेम चन्द्रा (ब्लॉक तेलग्राम) की तैनाती कोविड कन्ट्रोल रूम में है। सर्वविदित है कि कोविड–19 के संक्रमण की तीव्रता कम होने पर मिशन निदेशक के निर्देशानुसार टीम के सदस्यों को अपने मूल तैनाती स्थान पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। ऐंसे न करने से उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना है। इससे यह अवगत कराना समाचीन होगा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित आर0बी0एस0के0 से सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा कार्यक्रम में वांछित प्रगति हेतु अधिक रूचि तथा प्रयास की आवश्यकता है जिससे उपचारित बच्चों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि दिशा निर्देशानुसार सभी ब्लॉक के मोबाईल हेल्थ टीमों को का ध्यान रखते हुये चिकित्सकों/पैरामेडिकल को नियमानुसार यथा (एक पुरूष एवं एक महिला चिकित्सक), 1 ए0एन0एम0/स्टॉफ नर्स तथा 1 एलोपैथिक फॉर्मासिस्ट/पैरामेडिकल की तैनाती करना सुनिश्चित करें।

मुख्य चिकित्साधिकारी तथा नोडल आर0बी0एस0के0 कन्नौज को डी0ई0आई0सी मैनेजर के सहयोग से आर0बी0एस0के कार्यक्रम के सभी गतिविधियो की ब्लाकवार एवं टीमवार नियमित समीक्षा करने हेतु सुझाव दिया गया। जनपद द्वारा एच0एम0आई0एस0 के आंकड़ों की नियमित समीक्षा तथा वैलिडेशन प्रत्येक स्तर पर किया जाये। आर0बी0एस0के0 वाहन लॉगबुक का नियमित रूप से सत्यापन किया जाये।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियो द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही समस्त गैप्स का निराकरण कर दिया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| अन्नु सोनकर<br>प्रोग्राम कोआर्डिनेटर<br>एस०पी०एम०यू०, एन०एच०एम०–यू०पी० | (Priti Kumari)<br>TL-ARC. | Dr. Reshma Masood<br>DGM-RBSK<br>SPMU-NHM |